Experts' Institute
8-D, Kutchery Road Prayagraj. Ph:9415368884
JAVA Comp. Applications
Python Robotics & AI

ST. JOSEPH'S COLLEGE, PRAYAGRAJ

SECOND UNIT TEST-2024

HINDI

TIME: 1:00 Hour | CLASS – 9 | MM: 30

नोट– यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित हैं– खण्ड–'क' एवं खण्ड–'ख'।
दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खण्ड–'क' (व्याकरण–15 अंक)

प्रश्न–1: **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** (07)

1. आपके क्षेत्र में अपराधों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई है, अतः अपने क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाने हेतु पुलिस अधिकारी को एक पत्र लिखिए।
2. अपने मित्र को पत्र लिखकर अपने विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेलकूद उत्सव के विषय में बताइए।

प्रश्न–2: **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–**

1. 'सुन्दर' शब्द का पर्यायवाची लिखिए– (1)
   (क) चारू–खूबसूरत (ख) मनोहर–मृग
   (ग) सौन्दर्य–सारंग (घ) रमणीक–रमणी
2. 'अल्पायु' शब्द का विलोम शब्द लिखिए– (1)
   (क) अल्पांश (ख) दीर्घबाहु
   (ग) अल्प (घ) दीर्घायु
3. 'बंधु' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए– (1)
   (क) बंधुत्व (ख) बंधना
   (ग) बंधन (घ) बाधा
4. 'अर्थ' शब्द का विशेषण शब्द लिखिए– (1)
   (क) सार्थक (ख) अनर्थ
   (ग) आर्थिक (घ) निरर्थक
5. 'इर्षा' शब्द का शुद्ध रूप लिखिए– (1)
   (क) इर्ष्या (ख) ईष्या
   (ग) ईर्ष्या (घ) इषर्या

EXPERTS' INSTITUTE

6. 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरे का अर्थ लिखिए— (1)

(क) ठंडक महसूस करना (ख) लज्जित होना
(ग) आनन्दित होना (घ) गीला हो जाना

7. निर्देशानुसार उचित वाक्य लिखिए

(1) जो पढ़ेगे, वे पास हो जाएँगे। (वाक्य को वर्तमान काल में बदलिये) (1)

(क) जो पढ़ते हैं, वे पास हो जाते हैं।
(ख) जो पढ़ते थे, वे पास हो गए।
(ग) पास होने के लिए, पढ़ना होगा।
(घ) पढ़ने वाले ही, पास होगें।

(2) साँप को देखकर बच्चा भागा। (वाक्य में 'भागता गया' शब्द का प्रयोग कीजिए) (1)

(क) देखकर साँप को बच्चा भागता गया।
(ख) साँप की आहट सुनकर बच्चा भागता गया।
(ग) भयानक साँप से डरकर बच्चा भागता गया।
(घ) साँप को देखकर बच्चा भागता गया।

खण्ड—'ख' (साहित्य—15 अंक)

साहित्य सागर (गद्य)

प्रश्न—3: मूर्ति किसकी थी और वह कहाँ स्थित थी? (2)

प्रश्न—4: मूर्तिकार का नाम बताइए? हालदार साहब के अनुसार मूर्तिकार द्वारा मूर्ति पर पत्थर का चश्मा न बना पाने के क्या—क्या कारण हो सकते हैं? (2)

प्रश्न—5: 'नेताजी का चश्मा' इस पाठ के लेखक का नाम बताते हुए इसके शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए। (3)

साहित्य सागर (पद्य)

प्रश्न—6: गौतम का पूरा नाम क्या था? उन्होंने जग को कौन सी राह दिखाई? (2)

प्रश्न—7: 'वह धर्म भूमि मेरी, वह कर्म भूमि मेरी'—इस पंक्ति का सन्दर्भ सहित भावार्थ लिखिए? (3)

प्रश्न—8: इस पद के कवि का जीवन परिचय लिखिए? (3)

EXPERTS' INSTITUTE

* * * * *